प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 13.11.2024

- **जनपद कानपुर देहात में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे "जागते रहो अभियान" के तहत मिली एक और सफलता।**
- **थाना राजपुर पुलिस द्वारा 03 नफर मोटरसाइकिल चोरों को 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल सहित किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस आधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में चोरी की घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे **"जागते रहो अभियान"** विशेष अभियान के क्रम में, थाना राजपुर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 12/13.11.2024 की रात्रि में नैनपुर ग्राम के पुलिया के पास,चौधरी नरेन्द्र एजुकेशन सेंटर के पास संदिग्ध वस्तु/वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रहे थे कि तभी ग्राम रमऊ की तरफ एक मोटर साइकिल पर सवार 03 लोग आये जिनको मौके पर चैकिंग हेतु रोका गया तो मोटर साइकिल बिना नम्बर प्लेट होने के कारण उक्त व्यक्तियों से पूछताछ करने पर मोटरसाइकिल चोरी की पाई गई। जिससे अभियुक्त 1. अंकित बाबू पुत्र महेश कुमार उम्र करीब 20 वर्ष निवासी ग्राम कथरी थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात व 02 नफर बाल अपचारी अभियुक्तों की गिरफ्तारी करते हुए चोरी की मोटरसाइकिल नं0 UP77 AJ 1148 चेसिस नं0 MBLHAW116MHJ51538 स्पेलेंडर प्लस की बरामद की गई। बरामद की गयी मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में वाहन स्वामी द्वारा दिनांक 04.11.2024 को थाना भोगनीपुर में मु0अ0सं0 334/24 धारा 303(2) BNS पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध में थाना राजपुर पर मु0अ0सं0-75/24 धारा 317(2) बीएनएस किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त/बाल अपचारी अभियुक्तों का विवरण-

1. अंकित बाबू पुत्र महेश कुमार निवासी ग्राम कथरी थाना सट्टी जनपद कानपुर देहात।
2. 02 नफर बाल अपचारी अभियुक्त।

बरामदगी का विवरण-

1. मोटरसाइकिल नं0 UP77 AJ 1148 चेसिस नं0 MBLHAW116MHJ51538 स्पेलेंडर प्लस।

अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0-75/204 धारा 317(2) बीएनएस थाना राजपुर जनपद कानपुर देहात।
2. मु0अ0सं0-334/204 धारा 303(2) बीएनएस थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात।

गिरफ्तार करने वाली थाना राजपुर पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष श्री दिनेश कुमार गौतम
2. उ0नि0 श्री सूरजपाल सिंह
3. हे0का0 84 प्रदीप
4. हे0का0 119 धीरेन्द्र कुमार (चालक)